आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 11 अंक : 15 लखनऊ, मंगलवार 21 जुलाई से 27 जुलाई, 2020 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## जल जीवन मिशन के तहत २०२२ तक हर घर में हर हाल में हो पेयजल आपूर्ति : सीएम योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'जल जीवन मिशनः हर घर जल' योजना में विकास की दृष्टि से सबसे पिछड़े ०८ आकांक्षात्मक जिलों को भी शामिल करने करने को कहा है। सीएम ने कहा कि इन सभी क्षेत्रों में एक साथ ठोस योजना बनाकर कार्य शुरू किया जाए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश सोमवार को आवास पर इस योजना के प्रस्तुतिकरण के दौरान अधिकारियों को दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के लिए शीघ्र एक डायरेक्टर की नियुक्ति करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो पेयजल योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, उनमें त्वरित गति से कनेक्शन देने की



कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने केन्द्रांश के सापेक्ष राज्यांश दिए जाने के लिए बजट में व्यवस्था करने अथवा नाबार्ड, हुडको इत्यादि से लोन लेने की व्यवस्था की सम्भावना तलाशने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत वर्ष २०२२ तक हर हाल में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कर ली जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना की प्रगति से प्रत्येक १५ दिन पर उन्हें अवगत कराया जाए। ८ आंकाक्षात्मक जिलों में बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, चंदौली, सोनभद्र, सिद्धार्थनगर, फतेहपुर व चित्रकूट शामिल हैं।

## अंतिम वर्ष की परीक्षा संबंधी आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

नई दिल्ली। सभी विश्वविद्यालयों/कॉलेजों में ३० सितम्बर तक अंतिम वर्ष की परीक्षाएं आयोजित करने के दिशानिर्देश संबंधी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) का हालिया आदेश रद्द करने की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की गयी है। दस से अधिक छात्रों ने यूजीसी के छह जुलाई के दिशानिर्देशों को शीर्ष अदालत में चुनौती देते हुए याचिका दायर की है। इन याचिकाकर्ता छात्रों में एक कोरोना पीड़ित भी है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि ऐसे अंतिम वर्ष के कई छात्र हैं जो या तो खुद कोरोना संक्रमण के शिकार हैं या उनके परिवार के सदस्य इस महामारी की चपेट में हैं। ऐसे छात्रों को इस वर्ष ३० सितंबर तक अंतिम वर्ष की परीक्षाओं में बैठने के लिए मजबूर करना, अनुच्छेद २१ के तहत प्रदत्त जीवन के अधिकार का खुला उल्लंघन है। वकील अलख आलोक श्रीवास्तव के माध्यम से दायर याचिका में दावा किया गया है कि आमतौर पर ३१ जुलाई तक छात्रों को अंक प्रमाण पत्र/डिग्री प्रदान की जाती है, जबकि वर्तमान मामले में परीक्षाएं ३० सितंबर तक समाप्त होंगी। याचिकाकर्ता की दलील है कि जब विभिन्न शिक्षा बोर्ड की १०वीं और १२वीं की परीक्षाएं रद्द करके आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर परिणाम घोषित किये जा सकते हैं तो अंतिम वर्ष के छात्रों का क्यों नहीं?

## विकास दुबे मामले में अदालत नाराज

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के कानपुर में आठ पुलिसवालों की हत्या करने और बाद में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए गैंगेस्टर विकास दुबे के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी और हैरानी जताई है। अदालत ने इस बात पर हैरानी जताई कि इतने मामले होने के बावजूद उसे जमानत कैसे मिली थी। सर्वोच्च अदालत ने उसे मिले जमानत के सारे आदेश मंगवाए हैं। अदालत ने साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार से यह भी कहा है कि विकास दुबे की मुठभेड़ की जांच के लिए बनी समिति में सर्वोच्च अदालत के एक पूर्व जज और एक रिटायर पुलिस अधिकारी को शामिल करने पर विचार करे। उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह जांच समिति के बारे में दिए गए सुझावों को शामिल करके नई अधिसूचना का मसौदा २२ जुलाई को पेश कर देगी। सर्वोच्च अदालत ने यह भी



कहा कि एक अपराधी के खिलाफ इतने मामले दर्ज होने के बावजूद उसे जमानत मिलने से वह स्तब्ध है। चीफ जस्टिस एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें दुबे और उसके कथित सहयोगियों की मुठभेड़ों की अदालत की निगरानी में जांच कराने का अनुरोध किया गया है। अदालकत ने उत्तर प्रदेश सरकार से कहा कि उसे कानून का शासन बनाये रखना होगा। सर्वोच्च अदालत ने कहा– एक राज्य के तौर पर आपको कानून का शासन बरकरार रखना होगा। ऐसा करना आपका कर्तव्य है। पीठ ने कहा कि वह शीर्ष अदालत के किसी पीठासीन न्यायाधीश को जांच समिति का हिस्सा बनने के लिए उपलब्ध नहीं करा सकती। अदालत ने हैदराबाद में बलात्कार के आरोपियों के मुठभेड़ में मारे जाने और विकास दुबे के मुठभेड़ की तुलना करने से भी इनकार कर दिया।

## मल्टी स्टोरी बिजली उपभोक्ताओं का अब बिल्डर नहीं कर सकेंगे उत्पीड़न

लखनऊ। मल्टी स्टोरी भवनों के बिजली उपभोक्ताओं का अब बिल्डर उत्पीड़न नहीं कर सकेंगे। उन्हे जल्द ही राहत मिलने वाली है। नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पॉवर कार्पोरेशन के सभी डिस्कामों को सात दिनों में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इन सात दिनों में कंपनियों को बताना है कि सिंगल प्वाइंट से मल्टी प्वाइंट कंवर्सन कैसे किया जा सकता है। मतलब फ्लैटों में रहने वालों को कैसे अलग–अलग कनेक्शन दिया जा सकता है। विद्युत नियामक आयोग ने १४ जुलाई को सुवो मोटो सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध निदेशकों के साथ सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया। आयोग चेयरमैन आरपी सिंह, सदस्य कौशल किशोर शर्मा और विनोद कुमार श्रीवास्तव ने फैसले में कहा है सभी बिजली कंपनियां सात दिन के अंदर एक रोडमैप पेश करके बताएं उनके क्षेत्र में सिंगल प्वाइंट से मल्टी प्वाइंट कंवर्सन में क्या समस्या आ रही है। आयोग ने कहा है कि अगर किसी तरह की तकनीकी समस्या आ रही है तो सभी मामलों पर उस रुकावट को दूर करने के लिए तीन दिन में सूचित करें। बिजली कंपनियां इस पर आयोग से तीन दिन में अनुमोदन ले सकती हैं। नियामक आयोग पूरे मामले में २२ जुलाई को समीक्षा करेगा। उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा जब तक बिल्डरों द्वारा उपभोक्ताओं का उत्पीड़न बंद नहीं किया जाता,



सबको बिजली विभाग से संयोजन नहीं मिल जाता उपभोक्ता परिषद चुप नहीं बैठेगा। अब सभी बिजली कंपनियों के लिए पूरा रास्ता साफ हो गया है कि अगर कही कानून में भी कोई रुकावट हो तो उसमे बदलाव के लिए आयोग को बताए कोई तकनीकी समस्या हो तो भी बताए। इससे साफ है कि बिल्डरों के उत्पीड़न से उभोक्ताओं को निजात मिलना तय है।

## छह आईएएस के तबादले

लखनऊ। राज्य सरकार के निर्देश पर सोमवार की रात छह आईएएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। महेंद्र कुमार को मंडलायुक्त देवीपाटन से हटाकर सचिव सार्वजनिक उद्यम बनाया गया है और निबंधक सहकारी समितियां एसवीएस रंगाराव को देवीपाटन मंडल का नया मंडलायुक्त बनाया गया है। विजय कुमार सिंह उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण हापुड़–पिलखुआ को अपर मिशन निदेशक जल जीवन मिशन और प्रतीक्षारत अर्चना वर्मा को उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण हापुड़–पिलखुआ बनाया गया है। निबंधक सहकारी समितियां का अतिरिक्त प्रभार अपर मुख्य सचिव सहकारिता एमवीएस रामीरेड्डी को दिया गया है। जुहेर बिन सगीर को विशेष सचिव एपीसी ब्रांच से हटाकर विशेष सचिव सामान्य प्रशासन के पद पर भेजा गया है।

### कांग्रेस में मुझे धोखा मिला है : राजकिशोर सिंह

लखनऊ। कांग्रेस से बसपा में शामिल होने वाले पूर्व मंत्री राजकिशोर सिंह को बसपा ने बस्ती, गोरखपुर, संतकबीरनगर और श्रावस्ती का प्रभारी बनाया है। राजकिशोर सिंह ने कहा कि २०२२ में मायावती की सरकार बनेगी। कांग्रेस को यूपी की सियासत का अंदाजा ही नहीं है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि काग्रेस नेता राहुल और प्रियंका गांधी गुमराह करते हैं। कांग्रेस में मुझे धोखा मिला है।

# सम्पादकीय

## प्रधानमंत्री का दावा कितना सच

संयुक्त राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नें दावा किया कि भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था ने कोरोना वायरस के संक्रमण के मामलों में दुनिया के सबसे अच्छी रिकवरी रेट को सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने कोरोना के खिलाफ लड़ाई को जन आंदोलन बना दिया। क्या यह सच है? बेशक भारत में रिकवरी रेट करीब ६३ फीसदी है। मगर मगर महाराष्ट्र, तमिलनाडु, दिल्ली और कर्नाटक ऐसे राज्य हैं जहां हर रोज हजारों नए मामले सामने आ रहे हैं। कई राज्य कोरोना से लड़ने के लिए दोबारा लकडाउन लागू कर रहे हों तो कई राज्य शनिवार और रविवार को लकडाउन लगा रहे हैं। अब तक तीन राज्य–महाराष्ट्र, दिल्ली और तमिलनाडु ने देश भर में कोरोना वायरस के कुल मामले में आधे से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं। लेकिन भारत के विशाल ग्रामीण इलाके जो कि कोरोना से लड़ने के लिए बेहद कमजोर हैं वहां स्पष्ट रूप से महामारी बढ़ रही है। ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य व्यवस्था की हालत पहले से ही खराब है। अब कोरोना वायरस का दबाव इन व्यवस्थाओं पर अत्यधिक पड़ गया है। हार्वर्ड ग्लोबल हेल्थ इंस्टीट्यूट के निदेशक ड आशीष झा के मुताबिक भारत के लिए आने वाले दिनों में तेजी से बढ़ते मामले मुख्य चुनौती बने रहेंगे। भारत में अधिकांश मामले अब भी दर्ज नहीं किए गए हैं। कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों ने राज्यों की चिंता और बढ़ा दी है और वे दोबारा राज्यों और शहरों में लकडाउन लगाने लगे हैं। बेंगलुरू में पिछले मंगलवार से एक हफ्ते के लिए लॉकडाउन लगा दिया गया। १३ करोड़ की आबादी वाले बिहार में भी कोरोना वायरस तेजी से पैर पसार चुका है और वहां इससे निपटने के लिए दो हफ्तों का लॉकडाउन लगाया गया है। बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था पहले से ही नाजुक है। उत्तर प्रदेश में भी मामलों को बढ़ता देख सरकार ने सप्ताहांत पर कर्फ्यू लगाना शुरू कर दिया है। यूपी में सप्ताहांत पर लगना वाला लकडाउन इस महीने के आखिर तक चलेगा। कई अन्य राज्य भी छोटे लॉकडाउन और कंटेनमेंट जोन का विस्तार कर रहे हैं। सरकारों की चिंता वायरस के फैलाव को रोकने के साथ–साथ आर्थिक गतिविधि भी चलाने की है। कोरोना वायरस के संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने २४ मार्च को संपूर्ण लॉकडाउन का एलान किया था। लॉकडाउन की वजह से देश को बड़े पैमाने पर आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। साथ ही बड़े शहरों से प्रवासियों का पलायन भी देश में गंभीर मुद्दा बना। देश के प्रधानमंत्री जी का दावा कितना सच ये देश की जनता को भी पता है, देश के प्रधान मंत्री जी जो दावा कर रहे हैं ईश्वर करे वो सत्य हो।

## आर्थिक समानता सामाजिक समानता का आधार बनती है : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आर्थिक समानता सामाजिक समानता का आधार बनती है और समाज में अगर एक तबका मजबूत हो जाए और एक तबका कमजोर हो तो ऐसा समाज कभी भी आत्मनिर्भर नहीं बन सकता है। सीएम योगी ने कहा कि इसके लिए आवश्यक है कि समाज में संतुलन हो और यह संतुलन न केवल सामाजिक स्तर पर बल्कि आर्थिक स्तर पर भी होना चाहिए। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए वर्तमान सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मूल मंत्र के तहत कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास पर अनुसूचित जाति के गरीब व्यक्तियों के सर्वांगीण विकास के लिए 'नवीन रोजगार छतरी योजना' के शुभारम्भ एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना के ३,४८४ लाभार्थियों को धनराशि के ऑनलाइन हस्तान्तरण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। योजना के तहत मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों के खातों में १७ करोड़ ४२ लाख रुपये धनराशि अन्तरित की। कार्यक्रम के दौरान श्री योगी ने रायबरेली, गोरखपुर, बस्ती, मेरठ, आजमगढ़ तथा मुरादाबाद के लाभार्थियों से संवाद स्थापित किया। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वे इस हस्तान्तरित धनराशि का उपयोग परचून की दुकान, जनरेटर सेट, लॉण्ड्री तथा ड्राइक्लीनिंग, साइबर कैफे, टेलरिंग, बैंकिंग कॉरेसपॉण्डेन्ट, टेन्ट हाउस, गौ–पालन आदि के लिए करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में पूरा विश्व वैश्विक महामारी कोविड–१६ से त्रस्त है। इससे न: केवल आर्थिक जगत की स्थितियां खराब हुई हैं, बल्कि सामाजिक और अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाएं भी



प्रभावित हुई हैं। इन परिस्थितियों में भी प्रदेश सरकार लोगों को आर्थिक मदद देकर उन्हें स्वावलम्बी बनाने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर एवं अन्य सभी महापुरुषों ने सामाजिक समानता का जो सपना देखा था, उसे मूर्तरूप देने का कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है। वैश्विक महामारी कोविड–१६ के ष्टिगत प्रधानमंत्री ने गरीबों के कल्याण के लिए विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की, जिसके माध्यम से गरीब, दलित, वंचित लोगों को मदद पहुंचायी जा रही है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से गरीबों को मुफ्त अनाज देने का कार्य किया जा रहा है। इस प्रकार गरीबों को महीने में दो बार खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को प्राप्त हो रहा है। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि० के अध्यक्ष डॉ० लालजी प्रसाद निर्मल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कोविड–१६ के दौरान भी लोगों के आर्थिक उन्नयन का कार्य प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर समाज कल्याण राज्यमंत्री डॉ० गिर्राज सिंह धर्मेश, मुख्य सचिव आर के तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण मनोज सिंह, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री श्री एस०पी० गोयल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष २०२०–२१ के प्रथम त्रैमास में विश्वव्यापी कोविड–१६ महामारी के उपरान्त भी प्रदेश में १,७७,४६१ अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को विभागों द्वारा वित्तीय सुविधा उपलब्ध करायी गयी है।

## बंगों से परेशान मां–बेटी ने लोकभवन के सामने लगाई आग

लखनऊ। दबंगों से परेशान पीड़ित मां–बेटी ने लोकभवन के सामने आग लगा ली। इस दौरान मां बुरी तरह से झुलस गई है। महिला और बेटी दोनों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। सहायक पुलिस आयुक्त हजरतगंज अभय कुमार मिश्र ने बताया कि मां बेटी दोनों पहले बापू भवन से ही शरीर पर केरोसीन छिड़क कर लोकभवन गेट नंबर तीन पर पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने यहां पर आग लगा ली। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने आग पर काबू पाकर दोनों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। एसपी ने बताया कि मां–बेटी अमेठी के जामो थाना क्षेत्र की रहने वाली हैं। इनका नाम सोफिया और गुड़िया है। गुड़िया मामूली रूप से झुलसी है। दोनों का इलाज चल रहा है। गुड़िया का आरोप है कि गांव में कुछ दबंगों ने नाली विवाद में उसकी मां पर हमला कर दिया था। विरोध करने पर उसकी भी पिटाई कर दी थी। गुड़िया जब जामो थाना पहुंची तो दबंग वहां भी आ गए और पुलिस के सामने उसे थाने से बाहर भगाने लगे। उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप पर आरोपितों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई। इसके बाद दोनों घर वापस आ गई। आरोप है कि देर रात में हमलावर फिर उनके घर पहुंच गए और लाठी डंडे से मां–बेटी की पिटाई कर दी। कार्रवाई ना होने से नाराज दोनों शुक्रवार को राजधानी पहुंची और लोक भवन के सामने दोनों ने खुद को आग लगा लिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। एसीपी का कहना है कि अमेठी पुलिस से संपर्क किया गया है। आगे की कार्यवाही की जा रही है

## ईआरपी को जल्दी में लागू कर बड़े घोटाले की तैयारी में यूपीपीसीएल प्रबंधन : अभियंता संघ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पॉवर कार्पोरेशन प्रबंधन से अभियंता संघ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। रविवार को मासिक बैठक में अभियंताओं ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। इसके साथ ही प्रबंधन से ईआरपी सिस्टम से वेतन भुगतान पर आपत्ति जताई। वहीं इस माध्यम से वेतन भुगतान पर कार्पोरेशन में एक बार फिर से बड़े घोटाले का अंदेशा जताया। वरिष्ठ और मुख्य अभियंता सीस गोमती मधुकर वर्मा की अगुवाई में बैठक की गई। बैठक में अभियंताओं ने कहा कि यूपीपीसीएल प्रबंधन ईआरपी को जल्दबाजी में लागू करना चाह रही है। यह ठीक नहीं है। इस दौरान इ. बीके चौधरी ने बढ़ते कोरोना संक्रमण से अभियंताओं के संक्रमित होने का अंदेशा जताया। उन्होंने कहा कि संक्रमण से बचाव के लिए अभियंताओं को कोई सुविधा नहीं दी जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अभियंताओं व कर्मचारियों के करोना पॉजिटिव होने पर जांच व इलाज की सुविधा आसानी से नहीं मिल रही है। जिससे संक्रमण बढ़ने का खतरा अधिक है। वहीं इ. अजय मिश्रा ने भी यूपीपीसीएल प्रबंधन द्वारा इआरपी सिस्टम लागू करने पर जल्दबाजी कहा। उन्होंने कहा कि बिना ट्रेनिंग व कार्यालयों में आवश्यक विंडोज–१० युक्त कंप्यूटर उपकेन्द्र स्तर तक उपलब्ध कराए बिना लागू करना ठीक नहीं है। जुलाई माह की सैलरी ईआरपी द्वारा ही निर्गत करने के आदेश पारित किए गए हैं व खंड, सर्किल वार एसेंचर मैनपवर द्वारा सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए ऑफलाइन ट्रेनिंग उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। वरिष्ठ अभियंता डीके त्रिपाठी ने भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भी अभियंताओं के विरूद्ध १० साल से लंबित मामलों में गड़े मुर्दे उखाड़कर स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। जो कि गलत है। इस पर रोक लगनी चाहिए। अभियंताओं द्वारा चेकिंग अभियान के दौरान वर्षों पुराने प्रकरणों में वीडियो रिकर्डिंग न होने पर दण्डित किया जा रहा है। इस पर भी रोक लगानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल शर्मा द्वारा पूर्व में थानों द्वारा तहरीर देने पर भी रिसीविंग व एफआईआर कपी पत्राचार के बाद भी उपलब्ध ना कराए जाने पर अभियंताओं को दोषी ठहराया जा रहा है। दिनेश प्रजापति ने मैटेरियल मैनेजमेंट मध्यांचल पर आरोप लगाया कि समय से लेसा स्टोर में सामानों की उपलब्धता नहीं कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि लेसा स्टोर में जैसे सिंगल कोर ६३०,४०० एमएम लीड, बुशिंग, लग, ट्रांसफार्मर ऑयल,११ केवी आरएमयू,केबल ज्वाइंटिंग किट, एसबीसी केबल, स्मार्ट मीटर, रिले, कंट्रोल केबल सहित कई अन्य और सामानें नहीं हैं। जिससे आपूर्ति दुरुस्त करने में दिक्कत हो रही है। बैठक के दौरान ही क्षेत्रीय सचिव इ. आशीष कुमार ने जल्द में ज्वाइन किए छह नए सदस्यों को सदस्यता दिलाई।

# नर सेवा को नारायण की सेवा मानकर काम करें कार्यकर्ता :भाजपा

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। इन्हीं के बल पर हम सरकार बनाते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पूरी निष्ठा व सेवा भावना के साथ समाज सेवा करें, इसका पुण्य फल उन्हें जरूर मिलेगा। भाजपा में कोई भी बूथ अध्यक्ष अपनी मेहनत के बल पर राष्ट्र अध्यक्ष बन सकता है। केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को सुल्तानपुर सदर विधानसभा क्षेत्र के वर्चुअल सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि १५ अगस्त तक बूथ समितियों के सत्यापन का काम पूरा कर लिया जाए। भाजपा के डिजिटल सम्मेलन का पहला चरण सोमवार को पूरा हुआ। इसके माध्यम से प्रदेश के ४०३ विधानसभा क्षेत्रों में बूथ, सेक्टर, मंडल, जिला, क्षेत्र व प्रदेश के भाजपा पदाधिकारियों के साथ विधायक, नगर पालिका, नगर पंचायत और जिला पंचायत व ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधियों से संवाद किया गया। इन सम्मेलनों के माध्यम से जहां कोरोना संक्रमण काल में पार्टी के कार्यकर्ताओं के सेवा कार्यो की चर्चा की गई। वहीं आगामी चुनाव की तैयारियां, संगठनात्मक कार्यक्रम व जनभागीदारी से आत्मनिर्भर भारत निर्माण की परिकल्पना को साकार रूप प्रदान करने का संकल्प भी जन गण के मन तक पहुंचाया गया। सम्मेलनों में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, केन्द्रीय मंत्री, प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद व पार्टी के वरिष्ठ नेता डिजिटल माध्यम से संवाद कर रहे हैं। प्रदेश महामंत्री (संगठन) सुनील बंसल ने बुलंदशहर विधानसभा क्षेत्र से संवाद में कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता भारत माता की जय के लिए काम करता है, नर सेवा को नारायण की सेवा मानकर जनसेवा के लिए कार्य करता है। यही लक्ष्य लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार काम कर रही है। केंद्रीय मंत्री डा. महेंद्र नाथ पांडेय कानपुर देहात, संतोष गंगवार अंबेडकरनगर के टांडा विधानसभा सम्मेलन को संबोधित किया। औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने गौतमबुद्धनगर के जेवर, डा. महेंद्र सिंह बागपत के छपरौली, नंद गोपाल गुप्ता नंदी झांसी के मऊरानीपुर, आनंद स्वरूप शुक्ला बदायूं के शेखूपुर, कपिल देव अग्रवाल लखीमपुर के निघासन, चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय बहराइच के नानपारा, चौधरी उदयभान सिंह हमीरपुर के राठ, बृजेश पाठक मुरादाबाद के कांठ, सतीश द्विवेदी गोरखपुर के कैंपियरगंज विधानसभा सम्मेलनों में मोदी–योगी सरकार की उपलब्धियों के साथ वर्चुअल संवाद किया। प्रदेश उपाध्यक्ष जेपीएस राठौर हरदोई के शाहाबाद, कांता कर्दम आगरा दक्षिण, डा. राकेश त्रिवेदी फतेहपुर के जहानाबाद, पुरुषोत्तम खंडेलवाल रायबरेली के हरचंदपुर, प्रदेश महामंत्री विजय बहादुर पाठक बलिया के बेल्थरा रोड, गोविंद नारायण शुक्ला सिद्धार्थ नगर के बांसी, सलिल बिश्नोई अलीगढ़ के अतरौली के कार्यकर्ताओं से जुड़ें।

# ३४१६ मेगावाट की १७–१८ जुलाई रात को आपूर्ति सफलतापूर्वक की गई : श्रीकांत शर्मा

लखनऊ। ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने कहा कि लगातार चौथे दिन उत्तर प्रदेश की अब तक की अधिकतम मांग २३४१६ मेगावाट की १७–१८ जुलाई रात को आपूर्ति सफलतापूर्वक की गई। यह तीन साल पहले तक की गई अधिकतम मांग की आपूर्ति से करीब ७ हजार मेगावाट अधिक है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि साढ़े तीन साल में ७ हजार मेगावाट मांग का बढ़ना यह बताता है कि उत्तर प्रदेश प्रगति के पथ पर है। इसके लिये उन्होंने कोरोना योद्धा ऊर्जा परिवार के सभी इंजीनियर्स और कर्मचारियों का हार्दिक अभिनंदन किया। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की दिशा में आत्मनिर्भर यूपी में सबको बिजली–पर्याप्त, बिजली–निर्बाध, बिजली सुनिश्चित करने की दिशा में तेजी से ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन क्षमता को बढ़ाया जा रहा है। कोरोना संकट के दौरान भी आपूर्ति में अगर बाधा आती है तो ये कोरोना योद्धा उसे तत्काल ठीक करने में जुट जाते हैं। इससे पहले १६ जुलाई को २२६८६ मेगावाट की अधिकतम आपूर्ति की गई। ऊर्जा



मंत्री ने कहा कि प्रदेश में २०१६–१७ तक लगभग १६००० मेगावाट की अधिकतम मांग ही थी। भाजपा सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में ५४ फीसदी बिजली ज्यादा दी है। अधिकतम आपूर्ति में हुए इजाफे से फीडर तक ग्रामीण क्षेत्रों में १७ घंटे ५७ मिनट, तहसील में २१ घंटे ३० मिनट, जिले में २४ घंटे, बुंदेलखंड में २० घंटे और उद्योगों को २४ घंटे बिजली दी गई। ग्रिड से ४७१.१४२ एमयू बिजली की उपलब्धता रही। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सौभाग्य योजना के तहत प्रदेश में तीन साल में एक करोड़ २४ लाख से अधिक घरों का अंधेरा दूर हुआ है और एक लाख ३० हजार मजरों तक रोशनी पहुंची है। सौभाग्य योजना में उत्तर प्रदेश अव्वल रहा है। आज प्रदेश में दो करोड़ ८६ लाख बिजली उपभोक्ता हैं। जबकि पूर्व सरकारों के १० सालों में हर साल औसतन ६.५ लाख कनेक्शन ही दिये गये और सालाना १४ हजार मजरे ही रोशन हुये। तीन साल में प्रदेश में ट्रांसमिशन क्षमता (टीसी) १६,५०० से ८००० मेगावाट बढ़कर २४,५०० मेगावाट हो गई है। आयात क्षमता (टीटीसी) भी ८७०० मेगावाट से बढ़कर तीन साल में १३,५०० मेगावाट हो गई है। तीन साल में ६२ नए ट्रांसमिशन उपकेंद्र और बेहतर वितरण व्यवस्था के लिए ३३/११ केवी के ५८७ नए उपकेंद्र बने और १०६१ उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि की गई है।

# अब वाटरप्रूफ डिजायनर लिफाफे में भेजें राखी

लखनऊ। डाक विभाग की ओर से इस बार रक्षा बंधन पर्व से पहले राखी भेजने के लिए वाटरफ्रूफ डिजायनर लिफाफों की व्यवस्था की जा रही है। डाक विभाग ने विशेष लिफाफा तैयार करवाया है जिसकी कीमत मात्र १० रुपये रखी गयी है। कोविड–१६ संक्रमण काल के दौरान राखियों को बहने अपने भाइयों के लिए सुरक्षित राखी भेज सकेंगी। जीपीओ और प्रधान डाकघरों में विशेष रुप से निर्मित रंगीन डिजाइनर वाटरप्रूफ राखी लिफाफों की ब्रिकी आरम्भ कर दी गई है। उक्त जानकारी लखनऊ मुख्यालय परिक्षेत्र के निदेशक डाक सेवाएं कृष्ण कुमार यादव ने दी। डाक निदेशक ने कहा कि ये डिजानइर राखी लिफाफे वाटर प्रूफ तथा सुरक्षा की ष्टि से मजबूत हैं, जिससे बारिश के मौसम में भी सुदूर सुरक्षित पहुँच सकेगी। राखी लिफाफों को चिपकाने के लिए इनमें विशेष स्टिकर का प्रयोग किया गया है जिससे गोंद की आवश्यकता नहीं होगी। ११ सेमी २२ सेमी आकार के इन राखी लिफाफों का मूल्य दस रुपया मात्र है जो डाक शुल्क के अतिरिक्त है। वाटरप्रूफ लिफाफे के बाएं हिस्से के ऊपरी भाग में भारतीय डाक के लोगो के साथ अंग्रेजी में राखी लिफाफा और नीचे दाहिने तरफ 'हैप्पी राखी' लिखा गया है। उन्होंने बताया कि रंगीन और डिजाइनदार होने की वजह से इन्हें अन्य डाकों से अलग करने में समय की बचत और पर्व के पूर्व वितरण कराने में भी सहूलियत होगी। लखनऊ जीपीओ के चीफ पोस्टमास्टर ने बताया कि जीपीओ से सभी प्रधान डाकघरों को बिक्री के लिए राखी लिफाफे भिजवाए जा रहे हैं। जीपीओ में राखी लिफाफे खरीदने आई निहारिका गुप्ता ने कहा कि कोविड १६ के संक्रमण दौर में दूर शहर में नौकरी करने वाले अपने भाईयों को अब इस डिजाइनर लिफाफे के माध्यम से डाक विभाग द्वारा राखी भेजकर निश्चिन्त हो सकेंगी।

# जांच में अवैध ट्रैवल एजेंसियां नहीं मिला यात्रियों का ब्यौरा

लखनऊ। राजधानी में टिकटों की बुकिंग करने वाली अवैध ट्रैवल एजेंसियां यात्रियों से मनचाहा किराया वसूल रही हैं। ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर बिना लाइसेंस टिकटों की बुकिंग कर रही हैं। इन एजेंसियों के पास बुकिंग कराने वालों का किसी तरह को डेटा भी नहीं है जिससे किसी तरह की अनहोनी घटना होने पर संबंधित व्यक्ति के बारे में जानकारी मिल सके। अब ऐसा नहीं होगा परिवहन विभाग ने अवैध ट्रैवल एजेंसियों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। इन लोगों को आरटीओ ऑफिस से लाइसेंस लेने का दस दिन का समय दिया गया है। इसके बाद अवैध मिलने वाली ट्रैवल एजेंसियों को नोटिस देकर बंद कराया जाएगा। विभागीय अधिकारियों की मानें तो राजधानी में बिना लाइसेंस ट्रैवल एजेंसियां का कार्य जोरों पर चल रहा है। इनका सारा कारोबार ऑनलाइन होता है। ऐसे में यह सही है या गलत, इसकी जानकारी भी लोगों को नहीं मिल पाती है। वाहनों की बुकिंग के साथ ही बसों की टिकट भी यह अवैध ट्रैवल एजेंसी वाले बुक कर कर हैं। बसों की बुकिंग के नाम पर यात्रियों से मनमाना




किराया लेते हैं और उनके लिए डग्गामार बसों की बुकिंग करते हैं जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ता है। कई बार यह एजेंसी संचालक यात्रियों के टिकट फर्जी ऑनलाइन नंबर से बुक कर देते हैं ऐसे में किसी तरह की अप्रिय घटना होने पर संबंधित जानकारी उसके परिजनों तक नहीं पहुंच पाती है। परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार राजधानी में बड़ी संख्या में बिना लाइसेंस की ट्रैवल एजेंसियां चल रही हैं। कोरोना संक्रमण के चलते लोगों को सुरक्षित सफर की सुविधा का दावा करने वाले ये अवैध एजेंसियां लोगों के जीवन को दांव पर लगा रही हैं। इन डग्गामार बसों में कोई चालक या यात्री मास्क तक नहीं पहनता है। ऑनलाइन शो कर रही अवैध ट्रैवल एजेंसियों के ऑफिस ही शहर में नहीं हैं। वे ऑनलाइन ही अपना का काम कर रही हैं। इसके अलावा शहर के अंदर ६०० से अधिक ट्रैवल एजेंसियां मौजूद हैं जिन्होंने रजिस्ट्रेशन तो कराया है लेकिन आरटीओ ऑफिस से लाइसेंस तक नहीं लिया है। "अगले दस दिनों के अंदर सभी ट्रैवल एजेंसियां आरटीओ ऑफिस से मिलने वाला लाइसेंस ले लें। इसके बाद शहर में इनके खिलाफ अभियान चलेगा। अवैध ट्रैवल एजेंसियों को बंद कराया जाएगा।" –सिद्धार्थ यादव, एआरटीओ प्रवर्तन

# अवैध शराब कारोबारियों कि तोड़ी कमर

रायबरेली। खीरों रायबरेली–पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी लालगंज इंद्रपाल सिंह के कुशल नेतृत्व में अवैध शराब विक्री व निष्कर्षण के विरुद्ध् त कार्यवाही के अन्तर्गत खीरों पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है, सब इंस्पेक्टर राजेश यादव ने अवैध कार्य करने वालों पर ऐसा जाल बिछाया कि क्षेत्र में चारों तरफ चर्चाएं होने लगी बताते चलें कि राजेश यादव खीरों थाना क्षेत्र में उपनिरीक्षक के पद पर तैनात हैं और आला अधिकारियों के निर्देशन पर वह अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाए हुए हैं, उनके द्वारा लगातार शातिर चोरों व अपराधियों पर कार्यवाही की जा रही है, जिसका परिणाम अवैध तरीके से काम करने वाले लोगों के दिलों में उप निरीक्षक खीरों का डर पूरी तरीके से व्याप्त हो चुका है, इसी परिपेक्ष में आज नंदाखेड़ा गांव में कच्ची शराब बनाने वाले माफियाओं पर शिकंजा कसते हुए ४ प्लास्टिक की पिपिया में करीब २०–२० लीटर अवैध कच्ची शराब १२ बोतल के छोटे बड़े पतीले के साथ चार बंडल यूरिया अथवा शराब बनाने के उपकरण व २ मोटरसाईकल समेत १ अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है, ईमानदार तेज तर्रार कर्तव्यनिष्ठ उप निरीक्षक राजेश यादव की कार्यशैली को लेकर जहां अपराधियों और अवैध कारोबारियों में व्याप्त है वहीं आम जनमानस उनकी कार्यशैली को लेकर बहुत खुश है। इस धरपकड़ में उप निरीक्षक राजेश यादव समेत कांस्टेबल सरोज कुमार, कांस्टेबल अंबुज वर्मा, कॉन्स्टेबल योगेंद्र सिंह, कॉन्स्टेबल विवेक पाल व कांस्टेबल राजकुमार ने भी अहम भूमिका निभाई।

# चीन मोदी की फर्जी स्ट्रांगमैन छवि पर हमला कर रहा : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को एक बार फिर भारत–चीन सीमा विवाद को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। राहुल ने कहा कि उन्होंने सत्ता में आने के लिए एक 'फर्जी' स्ट्रांगमैन की छवि गढ़ी और अब उनकी सबसे बड़ी ताकत ही भारत की सबसे बड़ी कमजोरी है। उन्होंने यह भी कहा कि चीनी प्रधानमंत्री की ५६ इंच छवि वाले विचार पर हमला कर रहे हैं। राहुल गांधी ने श्रंखला के अपने दूसरे वीडियो को अटैच करते हुए एक ट्वीट किया, प्रधानमंत्री ने सत्ता में आने के लिए एक फर्जी स्ट्रांगमैन की छवि तैयार की। यह उनकी सबसे बड़ी ताकत थी और अब यह भारत की सबसे बड़ी कमजोरी है। राहुल गांधी ने कहा कि यह सिर्फ सीमा का कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे चिंता इस बात की है कि चीनी आज हमारे क्षेत्र में बैठे हुए हैं। चीनी अपनी रणनीति के बारे में सोचे बिना कुछ भी नहीं करते हैं। अपने दिमाग में उन्होंने एक दुनिया का नक्शा बनाया है और वे उस दुनिया को आकार देने की कोशिश कर रहे हैं। जो वे कर रहे हैं वही इसका पैमाना है, ग्वादर क्या है और वन बेल्ट एंड वन रोड क्या है। यह इस धरती का पुनर्गठन है। इसलिए यदि आप चीनियों के बारे में सोच रहे हैं तो आपको ये बातें समझनी होंगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि अब वे (चीनी) रणनीतिक स्तर अपनी स्थिति में सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं, चाहे वह गलवान हो, डेमचोक हो या पैंगोंग झील हो।



उन्होंने आगे कहा, बात उनकी स्थिति को लेकर है। वे हमारे राजमार्गों से परेशान हैं, वे हमारे राजमार्गों को निर्थक बना रहे हैं। यदि वे बड़े पैमाने पर सोच रहे हैं तो वे कश्मीर में पाकिस्तान के साथ कुछ करना चाहते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, इसलिए यह सिर्फ सीमा का कोई मुद्दा नहीं है। यह प्रधानमंत्री पर दबाव बनाने के लिए गढ़ा गया सीमा का एक मुद्दा है और वे बहुत खास तरीके से दबाव बनाने की सोच रहे हैं। प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि चीनी दरअसल मोदी की छवि पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वे जानते हैं कि मोदी को एक प्रभावी राजनेता बने रहने के लिए, एक राजनीतिज्ञ के रूप में सर्वाइव करने के लिए अपने ५६ इंच वाले विचार की रक्षा करनी होगी। राहुल गांधी ने कहा, अब सवाल यह है कि मोदी इस पर कैसे प्रतिक्रिया देंगे? क्या वह चुनौती लेंगे और कहेंगे कि मैं प्रधानमंत्री हूं और मुझे अपनी छवि की परवाह नहीं है मैं तुम्हारा सामना करूंगा। या वे उसके आगे झुक जाएंगे? उन्होंने आगे कहा, मुझे चिंता है कि चीनी आज हमारे क्षेत्र में बैठे हुए हैं और प्रधानमंत्री सार्वजनिक रूप से कह रहे हैं कि वे हमारे क्षेत्र में नहीं हैं। इससे पहले भी राहुल गांधी ने शुक्रवार को अपना पहला वीडियो जारी कर सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठाया था। उन्होंने लद्दाख में चीन के साथ हुए संघर्ष पर नरेंद्र मोदी सरकार पर हमला बोला था। राहुल गांधी ने इसके पहले जो वीडियो जारी किया था उसमें उन्होंने समझाया था कि चीन ने हमारी भूमि में घुसपैठ करने के लिए इस समय का चयन क्यों किया।

## जमीअत उलमा के प्रदेश अध्यक्ष मौलाना कासमी का निधन

लखनऊ। जमीअत उलमा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद मतीनुल हक उसामा कासमी का निधन हो गया है। संगठन के महासचिव मौलाना सैय्यद मोहम्मद मदनी ने अपने शोक संदेश में कहा है कि मौलाना उसामा कासमी ने थोड़े समय में जो बड़ी खिदमात अंजाम दी हैं। उनकी नजीर नहीं मिलती। हर अवसर पर उम्मत के हम जैसे लोगों की रहनुमाई का जो फर्ज आप अंजाम देते थे वह भुलाया नहीं जा सकता। जमीअत उलमा के प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना अब्दुर्रब आजमी ने गहरे रन्ज व गम को व्यक्त करते हुए कहा कि मौलाना एक जानी मानी शख्सियत के मालिक थे। जमीअत उलमा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो. सैयद मुहम्मद नोमान शाहजहांपुरी ने कहा कि आज मुल्क व मिल्लत एक अजीम कायद और विश्वसनीय आलिमे दीन से महरूम हो गया। उपाध्यक्ष डा. जमालुद्दीन मुजफ्फर नगर ने कहा कि हजरत मौलाना मरहूम इल्मी और मिल्ली खिदमात के लिए हर वक्त अपने आपको तैयार रखने वाले इंसान थे।

## मध्य प्रदेश में उपचुनाव सितंबर के अंत तक

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने मध्य प्रदेश में खाली हुई विधानसभा सीटों के उपचुनाव टाले जाने की संभावना से इनकार किया है। उन्होंने कहा है कि इन सीटों पर छह महीने में चुनाव कराने की संवैधानिक अनिवार्यता का ध्यान रखा जाएगा और सितंबर के अंत तक इन सीटों पर चुनाव करा लिए जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा– चुनाव समय पर हों, यहीं हमारी मंशा है। संवैधानिक स्थिति देखी जाए तो छह महीने के अंदर चुनाव होते हैं और हुए हैं। लेकिन, किसी विपरीत स्थिति में हम राज्य सरकार से बात करेंगे। प्रदेश में २६ सीटों पर उप चुनाव होना है। राजनीतिक दलों ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रदेश में जिन विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव होना है वहां के कलेक्टरों से चुनाव आयोग ने संक्रमित मरीजों की संख्या और अगले दो महीनों में आंकड़ा कहां तक पहुंच सकता है इसकि रिपोर्ट मंगाई है। मुख्य चुनाव आयुक्त के बयान के बाद इन अटकलों पर विराम लगता दिख रहा है। चुनाव आयोग ने मध्य प्रदेश में अगले कुछ दिनों में होने वाले २६ सीटों पर उप चुनाव के लिए निर्देश जारी कर राजनीतिक दलों से उनकी राय मांगी है। आयोग ने कहा है कि कोरोना महामारी के बीच राजनीतिक दल बड़ी सभाएं करने से परहेज करें, ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। आयोग द्वारा जारी निर्देश में स्पष्ट रूप से आपदा प्रबंधन कानून २००५ की गाइडलाइन का पालन करने को कहा है। ३१ जुलाई तक राजनीतिक दलों से उनके सुझाव मांगे हैं।

## पुलिस कमिश्नर सुजीत पांडेय की सख्ती का दिखा असर

लखनऊ। कोरोना महामारी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए किये गए सप्ताह में दो दिन के लक डाउन में पुलिस कमिश्नर सुजीत पांडेय की सख्ती का दिखा असर, अनर्गल रूप से सड़कों पर घूमने वालों पर कमिश्नरेट पुलिस ने कसा शिकंजा, गोमतीनगर विस्तार थाना क्षेत्र में पुलिस टीम ने दो दिन में ४०० से अधिक बिना मास्क लगाए लोगों का किया चलाना, प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम की कार्रवाई।

# शिवसेना ने राम मंदिर निर्माण के रास्ते के रोड़े हटाए : राउत

मुंबई। शिवसेना सांसद संजय राउत ने दावा किया कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का रास्ता उनकी पार्टी ने साफ किया और रास्ते की मुख्य रुकावटों को "राजनीति के लिए नहीं" बल्कि आस्था और हिंदुत्व के कारण दूर किया। राउत ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एवं शिवसेना के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे हमेशा अयोध्या जाते हैं और पार्टी तथा उत्तर प्रदेश की नगरी के बीच संबंध अटूट हैं। राउत ने ये टिप्पणियां उस वक्त कीं, जब उनसे पूछा गया कि क्या ठाकरे पांच अगस्त को अयोध्या का दौरा करेंगे, जब भव्य राम मंदिर के निर्माण के आरंभ के लिए भूमि पूजन समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी वहां जाने की संभावना है। उन्होंने कहा, उद्धव ठाकरे हमेशा अयोध्या जाते हैं। वह तब भी अयोध्या गए थे जब वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री नहीं थे, वह मुख्यमंत्री बनने के बाद भी वहां गए थे। राज्यसभा सदस्य ने कहा, शिवसेना और अयोध्या के संबंध अटूट हैं। यह राजनीतिक संबंध नहीं है। हम राजनीति के लिए अयोध्या नहीं जाते हैं और न ही पूर्व में राजनीति के लिए कभी वहां गए हैं। उन्होंने कहा, कुछ हद तक, शिवसेना ने ही राम मंदिर का रास्ता बनाया। शिवसेना ने



भगवान राम जन्मभूमि पर मंदिर के निर्माण की प्रमुख बाधाओं को दूर किया। वह राजनीति के लिए नहीं था। बल्कि शिवसैनिकों ने आस्था एवं हिंदुत्व के लिए बलिदान दिया। और हमारा रिश्ता अटूट है। राउत ने कहा कि प्रध ाानमंत्री श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र (मंदिर निर्माण के लिए गठित ट्रस्ट) के आमंत्रण पर अयोध्या का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि यह देखना होगा कि समारोह के लिए कितने लोगों को आमंत्रित किया जाएगा और सामाजिक दूरी संबंधी क्या कदम उठाए जाएंगे। राउत ने कहा, यह देखना होगा कि वे क्या राजनीतिक सामाजिक दूरी अपनाएंगे। राकांपा प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा था कि कुछ लोगों को लगता है कि मंदिर का निर्माण करने से कोविड–१६ वैश्विक महामारी समाप्त हो जाएगी। पवार की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर राउत ने कहा, कोरोना वायरस के खिलाफ जंग सफेद पोशाक वाले हमारे डक्टर लड़ रहे हैं, जिन्हें हम देवदूत कहते हैं, मैं बस इतना ही कह सकता हूं। हालांकि, उन्होंने बहुत जल्द यह भी जोड़ दिया कि धर्म एवं ईश्वर में पार्टी का भरोसा अटूट है। ठाकरे ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी भी यह स्वीकार करेंगे कि कोविड१६ के खिलाफ जंग लड़ते हुए लाखों डॉक्टर, पुलिस, नर्स और वार्ड ब्वॉय ने बलिदान दिया है। उन्होंने कहा, और सिर्फ वे ही बीमारी से लड़ सकते हैं और वह भी भगवान के आशीर्वाद से

## कांग्रेस की पीठ में छुरा घोंपा है सचिन पायलट ने : गहलोत

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने निष्कासित उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट को निकम्मा बताते हुए कहा कि पायलट ने कांग्रेस की पीठ में छुरा घोंपा है। गहलोत ने आज यहां मीडिया से कहा कि पायलट को पार्टी ने बहुत कुछ दिया। उन्हें २५ वर्ष की उम्र में सांसद, २६ की उम्र में केंद्रीय मंत्री बनाया। इसी तरह करीब ३० वर्ष की उम्र में उन्हें प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया। इसके बावजूद उन्होंने जो किया वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पायलट काफी समय से षडयंत्र रच रहे थे तथा १० मार्च को यह सामने भी आ गया था। उस समय उनका षडयंत्र विफल हो गया। गहलोत ने कहा कि पायलट समर्थक विधायकों के साथ अपने पिता राजेश पायलट की मूर्ति पर माल्यार्पण करने गये, तथा वहीं से विधायकों को उन्हें दिल्ली ले जाना था। उनके षडयंत्र के बारे में मैं बताता रहा हूं, लेकिन किसी ने विश्वास नहीं किया। उन्होंने कहा कि वह बहुत अच्छी अंग्रेजी और हिन्दी बोलने वाले अच्छे चेहरे को लेकर जनता में अपनी अच्छी छवि बनाना चाहते थे, लेकिन हकीकत अलग थी। प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद बनने के बाद पहली बार में ही उन्होंने दिखाया कि अध्यक्ष के आते ही लोग खड़े हो जायें। चाहे वे उनसे ज्यादा वरिष्ठ क्यों न हों। व्यक्ति से पद कितना बड़ा होता है यह उन्होंने दिखाने की कोशिश की। राज्य में कांग्रेस सरकार बनाने के लिये बहुमत आने का वह श्रेय लेते रहे, लेकिन हमें पता है कि हकीकत क्या थी। इसी तरह उन्होंने अपने व्यवहार से पार्टी को नुक्सान पहुंचाया, लेकिन तब भी हम पार्टी हित में चुप रहे, लेकिन एक न एक दिन तो यह खुलासा होना ही था। गहलोत ने सवाल किया कि वकील को ५० लाख रुपये देने के लिये उनके पास कहां से पैसा आ रहा है। सरकार के विधानसभा में बहुमत साबित करने के प्रश्न पर गहलोत ने कहा कि सब कुछ होगा। सरकार पूरे पांच वर्ष चलेगी।

# पीएम मोदी ने कोरोना और बाढ़ संकट पर की मुख्यमंत्रियों से बात, हालात की जानकारी ली

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बिहार, असम, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश और उत्त्तराखंड के मुख्यमंत्रियों से टेलीफोन पर बात की और कोरोना महामारी और बाढ़ के चलते पैदा हुए हालात की जानकारी ली। हाल के दिनों में कोरोना संक्रमण में तेजी से इजाफा देखा जा रहा है। संक्रमण के तेजी से बढ़ते मामलों को लेकर विपक्ष भी सवाल खड़ा कर रहा है। वहीं देश के कई इलाकों में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से हालात खराब हैं और कई लोगों की मौत हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बातचीत के दौरान मुख्यमंत्रियों को हर संभव मदद का भरोसा दिया। असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इस बातचीत के बारे में ट्वीट कर बताया कि पीएम मोदी ने बाढ़ के कारण पैदा हुए हालात से निपटने के लिए रविवार को असम को हरसंभव मदद मुहैया कराने का भरोसा दिया है। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने कोविड–१९ संबंधी स्थिति और अयल इंडिया के बागजान गैस कुएं में आग बुझाने के जारी प्रयासों की भी जानकारी ली। बता दें कि असम में बाढ़ के चलते ८१ लोगों की मौत हो चुकी है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने अपने बुलिटेन में कहा है कि इस साल बाढ़ और भूस्खलन से राज्य में १०७ लोगों की मौत हो चुकी है।



इनमें से ८१ लोगों की मौत बाढ़ जबकि २६ लोगों की मौत भूस्खलन संबंधी घटनाओं में हुई है। बिहार के विभिन्ध्न जिलों में भी बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। रविवार को वज्रपात से ११ लोगों की मौत हो गई। इनमें पूर्णिया में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत शामिल है। वहीं नेपाल से आने वाली नदियों में उफान के कारण बाढ़ की आशंका भी गहराती जा रही है। कई नए इलाकों में पानी घुस गया है। देश में रविवार को एक दिन में कोरोना के सर्वाधिक ३८,९०२ केस सामने आए जिसके साथ कुल मामलों की संख्या १०,७७,६१८ हो गई। हालांकि बीमारी से उबरने वाले लोगों की संख्या ६,७७,४२२ पर पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार एक दिन में इस बीमारी से ५४३ लोगों की मौत के साथ मृतकों की संख्या २६,८१६ हो गई है। यह लगातार चौथा दिन है जब कोरोना वायरस के एक दिन में ३० हजार से अधिक मामले सामने आए हैं। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में हालात दिनोंदिन खराब होते जा रहे हैं। देश में कोरोना के मामलों में तेज बढ़ोतरी पर विपक्ष भी सवाल खड़ा कर रहा है। राकांपा सुप्रीमो शरद पावर ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोगों को लगता है कि मंदिर बनाने से कोरोना खत्म हो जाएगा। किस बात को महत्व देना चाहिए ये तय करना होगा। हमें लगता है कि पहले कोरोना को खत्म किया चाहिए। लॉकडाउन की वजह से आर्थिक नुकसान हो रहा है केंद्र सरकार को उस पर भी ध्यान देना चाहिए। इससे पहले राहुल गांधी भी कोरोना संकट को लेकर सरकार पर सवाल उठा चुके हैं।

# धन का इस्तेमाल करके चयनित सरकार को गिराना छल है : शिवसेना

मुंबई। शिवसेना ने राजस्थान में राजनीतिक संकट का जिक्र करते हुए सोमवार को कहा कि फोन टैप करना निजी स्वतंत्रता पर हमला है और लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को धन का इस्तेमाल करके गिराना धोखा करने के समान है। शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना में छपे संपादकीय में कहा कि अब यह फैसला करना है कि दोनों में से बड़ा अपराध कौन सा है। पार्टी ने दावा किया कि राजस्थान में टेलीफोन टैप किए जाने से कई लोगों की असलियत सामने आ गई है। उसने कहा कि यदि कोई कांग्रेस के नेताओं की बातचीत को चुपके से सुनकर उसे पार्टी नेता राहुल गांधी के कानों तक पहुंचा देता है तो कई नए खुलासे होंगे। उसने दावा किया कि कुछ लोगों ने इस बात का बीड़ा उठाया है कि राहुल गांधी को काम नहीं करने देना है। शिवसेना ने कहा कि इससे पूरे विपक्ष को नुकसान होता है। उसने कहा, फोन टैप करना एक अपराध है और यह निजी स्वतंत्रता पर हमला है। लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को धन का इस्तेमाल करके गिराना धोखा है। हालांकि यह फैसला करने की आवश्यकता है कि इनमें से बड़ा अपराध कौन सा है। पार्टी ने कहा कि यह फैसला किया गया था कि पैसे देकर राजस्थान सरकार को गिराया जाएगा। उसने कहा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने खुलासा किया कि सचिन पायलट का अन्याय के खिलाफ विद्रोह झूठ है। पायलट और भाजपा नेताओं के बीच फोन पर बातचीत से यह बात सामने आई। यह हैरान करने वाला और सनसनीखेज है। शिवसेना ने कहा कि गहलोत सरकार को गिराने के लिए केंद्र ने दबाव और धन की ताकत इस्तेमाल की और कांग्रेस ने ऐसा नहीं होने दिया।

---

# अद्भुत घाटी : जहाँ पक्षी करते हैं सामूहिक आत्महत्या

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

जब आप सुबह उठकर गाव की पगडंडियों पर चलेंगे तो रास्ते में आपको हजारों पक्षी मरे हुए दिखाई देंगे. पहले तो आपको यही लगेगा कि पक्षी किसी प्राकृतिक आपदा का शिकार हुए हैं. या यह भी रहस्य है. आपने कई सुसाइड पॉइंट के बारें में तो सुना होगा जहां इंसान जाकर अपने जीवन का अंत कर लेता है लेकिन आज हम आपको एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं जो पक्षियों की सामूहिक आत्महत्या को लेकर उनका ऐसा करने के पीछे की वजह–ताया जाता है कि मानसून के अंत में विशेष रूप से जब यहां चंद्रमा नहीं होता है, तभी कोहरे भरी रात में शाम ६ बजे से रात ६ बजकर ३० मिनट के बीच में ये घटना होती ऐसा होने के पीछे की है। यहां कंटीले और घने जंगल भी है। इसके साथ ही यहां रोशनी भी नहीं होती है जिस कारण वह पेड़ से टकरा जाते हैं और उनकी मौत हो जाती है। भारत सरकार ने पक्षियों की इस गुत्थी को सुलझाने के लिए प्रसिद्ध पक्षी आ जाता है। इस परिवर्तन के कारण ही पक्षी असामान्य व्यवहार करते हैं और वे रोशनी की ओर आकर्षित होते हैं। अपने शोध के बाद उन्होंने यह सलाह दी कि ऐसे समय में रोशनी जलाने से बचा जाए। उनके इस सलाह पर अमल करने से यहां






सोच सकते हैं कि ये हवा में प्रदूषण के कारण घुले हुए जहर से मरे होंगे. लेकिन जब यह घटना हर साल किसी खास समय पर होंगे लगे तो शायद आपका दिमाग भी चकरा जायेगा. तब जाकर आपको लगेगा कि यह प्रकृति का कोई मशहूर है। यह जगह है जतिंगा घाटी। जो कि भारत के उत्तर पूर्वी राज्य असम के जतिंगा गांव में स्थित है। माना जाता है कि यहां एक पक्षी नहीं बल्कि उनका पूरा समूह एक साथ आत्महत्या करता है। चलिए जानते हैं कि वजह भी अलग–अलग बताई जाती है। यहां के लोग मानते हैं कि ऐसा होने के पीछे भूत प्रेत और अदृश्य ताकतों का हाथ है। वहीं वैज्ञानिकों का मानना है कि रात को चलने वाली तेज हवाओं से पक्षियों का संतुलन बिगड़ जाता विशेषज्ञ डॉ. सेन गुप्ता को नियुक्त किया था। इस पर लंबा अध्ययन करने के बाद उन्होंने बताया कि पक्षियों के ऐसा करने के पीछे मौसम और चुंबकीय शक्तियां जिम्मेदार हैं। शाम के समय जतिंगा घाटी की चुम्बकीय स्थिति में तेजी से बदलाव होने वाली पक्षियों की मौत में ४० फीसदी की कमी आई है। इस घाटी में ४४ जातियों के स्थानीय पक्षी रहते हैं। जिनमें टाइगर बिट्टर्न, ब्लैक बिट्टर्न, लिटिल इहरेट, पॉन्ड हेरन, इंडियन पिट्टा और किंगफिशर आदि शामिल हैं।

# सचिवालय में बढ़ते कॅरोना मामलों पर दहसत बढी।

## अनुभाग अधिकारी, समीक्षा अधिकारी से लेकर समूह ग के कर्मी लगातार आ रहे हैं कॅरोना की चपेट में।

लखनऊ। सचिवालय में भी कॅरोना के संक्रमण ने तेजी से पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। १०० प्रतिशत अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्तिथि ने इस स्तिथि को और भयावह कर दिया। दूसरी ओर सचिवालय प्रशासन विभाग अड़ा है कि सचिवालय में रोस्टर के हिसाब से उपस्तिथि की ब्यवस्था नहीं होगी। सचिवालय में इस बात को लेकर भयावह की स्तिथि बन गई है। बताते चलें कि चिकित्सा अनुभाग वह अनुभाग है जहाँ डीजी मेडिकल हेल्थ से लेकर सीएमओ तक के सरकारी चिकित्सकों का एस्टेब्लिश मेन्ट का कार्य देखा जाता है। लाल बहादुर शास्त्री भवन के चिकित्सा अनुभाग २ के अनुभाग अधिकारी मनोज पांडे, एक समीक्षा अधिकारी सच्चिन नन्द और कप्यूटर सहायक जगदीश यादव के संक्रमित पाए जाने से सचिवालय में अफरा तफरीह का माहौल खड़ा हो गया है। यह सभी लोग लगातार सचिवालय आ रहे थे। इनके संक्रमित होने से सचिवालय में और कितने मामले सामने आएंगे इसका आंकलन तभी हो सकता है जब चिकित्सा विभाग के सभी लोगों का टेस्ट किया जाए। इसी के साथ बाहरी कर्मियों के सचिवालय में प्रवेश पर रोक लगाई जाए। इन आशंकाओं को देखते हुए ही सचिवालय संघ ने गत १४ जुलाई को अपर मुख्य सचिव सचिवालय प्रशासन और सचिव मुख्य मंत्री से मिलकर एक अपील के माध्यम से कहा था कि सचिवालय के समूह ख में आने वाले समीक्षा अधिकारियों की उपस्तिथि में ५० प्रतिशत का रोस्टर लागू किया जाए। बावजूद इसके सरकारी तंत्र पूरी तरह से कान में



तेल डाल कर सोया हुआ है। जो सचिवालय कर्मी संक्रमित पाए गए हैं उन सभी को कोई भी सरकारी सुविधा नहीं मिली जिससे इन सभी को मजबूरी में अपने अपने वाहन से लोकबंधु अस्पताल में स्वयं भर्ती होने जाना पड़ा। यह लोग सरकारी तंत्र को लगातार फोन लगाते रहे लेकिन किसी ने भी फोन नहीं उठाया। लोकबंधु अस्पताल में भी इन लोगों का कोई पुरसाहाल नहीं है। सचिवालय संघ के अध्यक्ष यादवेंद्र मिश्र, उपाध्यक्ष मुदस्सिर हुसेन, सचिव ओंकार नाथ तिवारी व् कोषाध्यक्ष गोपी ॅष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि सचिवालय का सीटिंग अरेंजमेंट ऐसा है कि न तो इसमें कोई सोसल डिस्टेंसिंग रह सकती है और यदि कोई ब्यक्ति संक्रमित हो तो उससे कोई दूसरा ब्यक्ति संक्रमित होने से बच भी नहीं सकता। सचिवालय के अंदर से लेकर बाहर तक भारी संख्या में भीड़ हर समय बनी रहती है। सरकार की इस घोर लापरवाही से सचिवालय कर्मियों के जीवन पर घोर संकट खड़ा हो गया है। सचिवालय संघ इन मामलों को लेकर कल मुख्य सचिव सहित सभी सम्बंधित अधिकारियों से मिलकर अपना विरोध दर्ज कराएगा। सचिवालय संघ ने मुख्य मंत्री से अपील की है कि सचिवालय कर्मियों की जीवन रक्षा हेतु कदम उठाते हुए उन्ही विभागों ध्अनुभागों को खोला जाए जिनकी खोले जाने की अपरिहार्यता हो। सोसल डिस्टेंसिंग बनाए रखने के लिए अनुभाग स्तर तक ५० प्रतिशत उपस्तिथि का रोस्टर लागू किया जाए। जो सचिवालय कॅरोना संक्रमित पाए गए हैं या आगे पाए जाते हैं उनकी ठीक तरह से अस्पतालों में देखभाल हो।

## हैकर ने सपा नेता को मृत दिखाकर बन्द करा दी फेसबुक आईडी

गोरखपुर। हैकरों की नजर इन दिनों सोशल मीडिया पर सक्रिय लोगों की आईडी पर है। समाजवादी पार्टी के एक सक्रिय कार्यकर्ता एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य की फेसबुक आईडी को हैकर ने केवल हैक ही नहीं किया बल्कि मृत दिखाकर फेसबुक आईडी हमेशा के लिए बन्द करा दी। भटहट निवासी मनमोहन यादव समाजवादी पार्टी के जिला कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में कार्य कर रहे हैं। उनके मुताबिक कई दिन पूर्व उनके फेसबुक आईडी पर संजीव कुमार के नाम से फ्रेंड रिकवेस्ट आया। फ्रेंड रिक्वेस्ट को वे स्वीकार नहीं किए। इसके बाद उनके फेसबुक मैसेजर पर फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने की अपील की गई। उनका कहना है कि फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करते ही उनकी फेसबुक आईडी पर मृत्यु के मैसेज के साथ श्रद्धांजलि देते हुए फेसबुक आईडी हमेशा के लिए बन्द होने का मैसेज आ गया। इस घटना के बाद से वे काफी परेशान हैं। बताया जा रहा है कि इस तरह क्षेत्र के कई सपा विचारधारा एवं कार्यकर्ताओं की आईडी फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करते ही बन्द हो गई है। इस घटना के बाद लोग खासा परेशान हैं। सपा नेता ने मामले से गुलरिहा पुलिस को अवगत करा दिया है। साइबर सेल के माध्यम से पुलिस जांच कर रही है।

## कुछ लोग सोचते हैं कि राम मंदिर बनने से कोरोना खत्म हो जाएगा : शरद पवार


मुंबई। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने आज यहां कहा कि हमें तय करना होगा कि कौन सा काम कितना महत्वपूर्ण है?कुछ लोग



सोचते हैं कि राम मंदिर बनने से कोरोना खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार को लॉकडाउन की वजह से हुए नुकसान पर चिंता करनी चाहिए. कोरोना से देश मे हालात बदतर होते जा रहे हैं। शरद पवार महाराष्ट्र के सोलापुर में कोरोना के हालात का जायजा लेने आए थे. इस दौरान उन्होंने एक प्रेस कन्फ्रेंस में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि हमें ये तय करना होगा कि हमारे लिए क्या महत्वपूर्ण है. कोरोना के हालात दिन ब दिन बदतर होते जा रहे हैं लेकिन इस दौरान कुछ लोग सोचते हैं कि मंदिर बन जाने से कोरोना देश के बाहर चला जाएगा. शरद पवार से पत्रकारों ने सवाल पूछा था कि अगले महीने ५ अगस्त को राम मंदिर का भूमि पूजन तय हुआ है। जिस में पीएम नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे. कोरोना संक्रमण को देखते हुए कुछ सीमित लोग ही इस में शरीक हो पाएंगे. भूमि पूजन का कार्यक्रम करीब तीन

# कोविड–19 की जांच का आंकड़ा 15 लाख के पार : अपर मुख्य सचिव

लखनऊ। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में तेजी से टेस्टिंग कराई जा रही है। प्रदेश में रविवार को एक दिन में ४३४०१ सैम्पल की जांच की गई। इस प्रकार कोविड–१६ की जांच का आंकड़ा १५ लाख को पार कर गया। प्रदेश में अब तक कुल १५,१३,८२७ सैम्पल की जांच की गई है। पिछले २४ घंटे में कोरोना के १६२४ नए मामले सामने आए हैं जबकि २४ घंटे में ४६ मौते हुई हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कोरोना के १६१३७ ऐक्टिव मामले हैं, जबकि अब तक ३०८३१ मरीज पूरी तरह ठीक हो चुके हैं। प्रदेश में सर्विलांस की कार्रवाई के तहत १७५३२२ सर्विलांस टीमों ने १.२६ करोड़ घरों के ६.४६ करोड़ लोगों का सर्वेक्षण किया गया है। आरोग्य सेतु ऐप से अलर्ट जनरेट आने पर कन्ट्रोल रूम द्वारा लगातार फोन किया जा रहा है। अलर्ट जनरेट होने पर अब तक ३.३५ लाख लोगों को कंट्रोल रूम द्वारा फोन कर जानकारी दी गई है। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य ने बताया कि प्रदेश में एल–१, एल–२ व एल–३ स्तर के कोविड अस्पतालों में कुल १.५१ लाख बेड उपलब्ध हैं। सभी



जिलों में एल–१ स्तर की व्यवस्था लागू किए जाने के लिए शासनादेश जारी कर दिया गया है। इस व्यवस्था के तहत जिला प्रशासन द्वारा होटल का अधिग्रहण कर एसिम्टोमेटिक मरीजों को रखा जाएगा, जहां पर मरीजों को राजकीय चिकित्सा सुविधा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि डबल आक्युपेंसी के लिए २००० रुपये प्रतिदिन से अधिक नहीं देना होगा। साथ ही प्रत्येक मरीज को चिकित्सकीय व्यय के लिए एक बार में २००० रुपये देना होगा। शासनादेश में यह व्यवस्था की गई है कि होटल के अधिकतम २५ प्रतिशत कक्ष सिंगल आक्युपेंसी पर महिलाओं, छोटे बच्चों व ५० वर्ष से ६५ वर्ष तक के व्यक्तियों को दिए जाएंगे। शेष ७५ प्रतिशत कक्ष डबल आक्युपेंसी पर दिए जाएंगे। यहां ६५ वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों, गर्भवती महिलाओं, असाध्य रोग से ग्रस्त रोगियों तथा अभिभावक रहित छोटे बच्चों को यहां भर्ती नहीं किया जाएगा। एल–१ स्तर की इन सुविधाओं पर कोविड केयर सेंटर के सभी प्रोटोकाल का पालन किया जाएगा। किसी भी मरीज की तबियत बिगड़ने की आशंका होने पर उसे तत्काल एल–२ अथवा एल–३ अस्पताल में स्थानान्तरित कर दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में अवशेष ६नराशि होटल प्रशासन द्वारा वापस कर दी जाएगी।

## कोविड १९ के प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही तेज करने के निर्देश

लखनऊ। जनपद में बढ़ते हुए कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्री अभिषेक प्रकाश के द्वारा पूर्व में ८० टीमो का गठन थानेवार किया गया था। जो जनपद में मास्क पहनने, सेनेटाइजेशन कराने और सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन कराना सुनिश्चित कराने के लिए बनाई गई थी। कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन कराने वाली टीमो को उलंघन करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही और तेज करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बताया कि कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए जारी किये गए कोविड प्रोटोकाल का अनुपालन करना अत्यंत ही आवश्यक है। इस लिए सभी टीमो के द्वारा प्रोटोकॉल का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित कराया जाए। आज उक्त के क्रम में जनपद में थानेवार बनाई गई ८० टीमो के द्वारा कुल ३४३ व्यक्ति पर १,५१,३१० रुपये का जुर्माना व १ व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज कराई गई। उन्होंने बताया कि अभी तक कुल २२५३ व्यक्तियों पर कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने पर ८,४६,६१० रुपये का जुर्माना किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने बताया कि कोविड संक्रमण को रोकने में लिए उक्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। यदि किसी भी प्रतिष्ठान, व्यक्ति द्वारा कोविड १६ के प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया जाता है तो उसके विरुद्ध एपेडेमिक एक्ट के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी शासकीय एवं निजी कार्यालयों ,बैंक्स इत्यादि पर कोविड हेल्प डेस्क बनाना अनिवार्य है। कोविड–१६ हेल्प डेस्क में मुख्यतः थर्मल स्कैनर, पल्स ऑक्सिमीटर, मास्क व सैनेटाइजर आदि रखना अनिवार्य है, अन्यथा ऐपेडैमिक एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करते हुए कड़ी दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# १२ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

मो० अरशद

मऊ। जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना, थाना सरायलखंसी पुलिस द्वारा मु०अ०सं० १६८७१८ तथा १४६/१८ धारा ४५७, ३८०, ४११ भादवि० में वांछित अभियुक्तगण श्यामदेव, श्यामसुन्दर पुत्रगण हरदेव निवासीगण रामपुर पटारे थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर, मु०अ०सं० ६०५/२० धारा १४७, १४६, ३३६, ३५२, ३२३, ५०४, ५०६, ३०८ भादवि० में वांछित अभियुक्तगण रामवृक्ष, बलवीर, गोविन्द, रणवीर, जितेन्द्र, रणजीत, रामेंत निवासीगण हरपुर थाना सरायलखंसी तथा मु०अ०सं० ६०६/२० धारा १४७, १४६, ३३६, ३२३, ५०४, ३०८ भादवि० में वांछित अभियुक्तगण अमित पुत्र फतेह बहादुर, सुहेल पुत्र शिवशंकर निवासीगण हरपुर थाना सरायलखंसी, थाना मधुबन पुलिस द्वारा मु०अ०सं० ४०४/२० धारा ३७६ भदवि० तथा ७८ पोक्सों एक्ट में वांछित अभियुक्त रामआश्रे पुत्र वीरेन्द्र राजभर निवासी बेझौरामल थाना मधुबन को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## जिला इमरजेंसी आपरेशन सेंटर/कंट्रोल रूम का उदघाट्न

मो० अरशद

मऊ। जिला इमरजेंसी आपरेशन सेंटरकंट्रोल रूम का उदघाट्न जिलाधिकारी ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी द्वारा कलेक्ट्रेट में किया गया। यह कंट्रोल रूम २४X७ कार्य करेगा। यह किसी आपदा के समय राहत आयुक्त कार्यालय लखनऊ से सीधे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ा रहेगा। इसमें आपदा से संबंधित कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें इंटरनेट एवं फोन सुविधा भी है तथा इसके वीडियो कांफ्रेंसिंग की सुविधा उपलब्ध है इसमे लखनऊ से सीधे सम्पर्क किया जा सकता है। उक्त अवसर पर अपर जिलाधिकारी, राजिनिश सिंह उपस्थित रहे।

## एक तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

मऊ। थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान सेन्ट जार्ज स्कूल नसीराबाद कला के पास से सूरज राजभर पुत्र रामबढ़ई राजभर निवासी पहदेवाजीत थाना हलधरपुर मऊ के कब्जे से एक अदद नाजायज तमंचा १२ बोर व ०२ अदद जिंदा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु०अ०सं० २५७/२० धारा ३/२५ आयुद्य अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

## ५६ ग्राम हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

मऊ। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान ढेकुलिया घाट पुल के पास से मोनू उर्फ दिलशाद पुत्र इश्तेयाक उर्फ गामा निवासी पठानाटोला थाना कोतवाली के कब्जे से ५६ ग्राम नाजयज हेरोइन बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु०अ०सं० ३७१/२० धारा ८५२१ एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

## बाजार में दिखे कर्फ्यू जैसे हालात

के० के० शुक्ला

लखीमपुर–खीरी। कोरोना संक्रमण की रोकथाम को लेकर शासन द्वारा लागू किए गए दो दिवसीय लॉकडाउन ढखेरवा में पुलिस प्रशासन की सख्ती के चलते दूसरे सप्ताह शनिवार और आज रविवार को पूर्णतया सफल रहा। ढखेरवा के जागरूक व्यापारियों ने दूसरे सप्ताह दो दिवसीय लॉकडाउन का पालन करते हुए अपनी–अपनी दुकानें बंद रखते हुए घरों में दुबके रहे। जिस कारण प्रमुख सड़कों से लेकर पूरे बाजार में आज दूसरे दिन रविवार को सुबह से सन्नाटा पसरा हुआ है। यहां तक कि सड़कों पर काफी कम संख्या में वाहनों के गुजरने से कर्फ्यू जैसे हालात दिखाई दे रहे हैं।

## जान से मारने की धमकी देने का आरोप

गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर के पशु चिकित्सालय वाली गली निवासी एक महिला ने एक युवक पर असलहा लेकर धमकाने, घर में घुसकर मारपीट करने, गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में प्रेमलता पत्नी जयकरन निवासी पशु चिकित्सालय वाली गली ने मोहल्ले के राधेश्याम पर आये दिन गाली गलौज करने, घर पर ईंट पत्थर चलाने,शराब पीकर घर का दरवाजा तोड़ने,असलहा लेकर छत से आकर जान से मारने की ध मकी देने का आरोप लगाया है। महिला ने बताया कि पन्द्रह जुलाई को वह लोहे का दरवाज तोड़ने जिससे किसी तरह मोहल्लेवालों ने बचाया। तब डायल ११२ पर फोन कर पुलिस को मैने बुलाया पुलिस के आने पर वह मौके से फरार हो गया। अंत में महिला ने न्याय की गुहार लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# कोविड-19 संक्रमण के दृष्टिगत जनपद मऊ पुलिस की कार्यवाही

मो० अरशद

मऊ। कारोना महामारी के दृष्टिगत जारी दिशा–निर्देशों के अनुपालन हेतु चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान दिनांक १७.०७.२० को सुबह ८ बजे से दिनांक १८.०७.२० को सुबह ८ बजे तक जनपद के समस्त ८५ बैरियर प्वाइंट (३० हाटस्पाट एरिया) पर चेकिंग के दौरान ०२ व्यक्तियों के विरूद्ध ०१ अभियोग पंजीकृत किया गया तथा १८०७ वाहनों को चेक किया गया जिसमें ११० वाहनों का चालान, ०३ वाहन सीज तथा ०३ हजार ७०० रुपये शमन शुल्क वसूले गये। साथ ही साथ मास्क न लगाने वाले ११३ व्यक्तियों से ०३ हजार ८०० रुपये जुर्माना, रात में बेवजह घूमने वालों २३ व्यक्तियों से ८०० रूपये व दोपहिया वाहन पर पिछली सीट पर यात्रा करने वाले १०७ व्यक्तियों से ०६ हजार १०० रुपये सहित कुल १० हजार ७०० रुपये जुर्माना वसूला गया। जनपद में भीड़–भाड़ वाले जगहों, बैंको, बाजारों व महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस–पास सोशल डिस्टेंशिंग का अनुपालन कराया जा रहा है।

# पारस नाथ सोनकर २५ हजार रूपया का इनामिया घोषित

मऊ। थाना मुहम्दाबाद पर विधि विरूद्ध मछली के कारोबार को लेकर पारस नाथ सोनकर व उसके ०२ साथियों के विरूद्ध मु०अ०सं० ४४०/२० धारा १८८,२६९ भादवि० धारा ०३ महामारी अधिनियम १८९७, ०५७ ०८ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम १९८६ व ३१(१)/६३ खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम २००६ के अंर्तगत पंजीकृत किया गया था। यह भी महत्वपूर्ण है कि पारसनाथ सोनकर का जुड़ाव मुख्तार अंसारी गिरोह से रहा है एवं इस व्यवसाय से अर्जित धन को इस गैंग के गुर्गो को सुविधाएं उपलब्ध कराने में इस्तेमाल करने की बात भी प्रकाश में आई है। उक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली पर मु०अ०सं० ११०/२० धारा २७० भादवि० तथा थाना मुहम्मदाबाद पर मु०अ०सं० ७०७/०८ धारा ३३२, ३३६, ३२३, ५०४, ५०६, ४२७ भादिव० को अभियोग भी पंजीकृत है। उल्लेखनीय है कि उक्त मछली माफिया पारस सोनकर के विरूद्ध दिनांक २६.०६.२० को थाना मुहम्मदाबाद पर मु०अ०सं० ४५६/२० धारा ३(१) गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही किया गया। उक्त पारस नाथ सोनकर २५ हजार रूपया का इनामिया भी घोषित है।

# चोरी व लूट की 10 मोटरसाइकिल अवैध तमंचे व कारतूस बरामद

के० के० शुक्ला

लखीमपुर–खीरी। पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत निघासन कोतवाल द्वारा योजनाबद्ध तरीके से अभियान चलाया गया जिसमें अभियुक्तों की निशानदेही पर १० मोटरसाइकिलें व दो असलहे भी बरामद किए गए जांच में पता चला कि सभी अभियुक्त शातिर अपराधी तथा कई गंभीर घटनाओं में संलिप्त हैं तथा उनके खिलाफ कई मुकदमें भी लंबित हैं। पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान दिनांक १६.०७.२० को थाना निघासन पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अदलाबाद मोड़ पचपेडी घाट के पास से ०२ शातिर अभियुक्तो आरिफ पुत्र साहिद निद्र कस्बा व थाना धौरहरा जनपद खीरी तथा मोहसिन पुत्र गोबरे निद्र ग्राम पठानन मजरा पढ़ुवा थाना निघासन जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे व निशानदेही पर चोरी व लूट की १० मोटरसाइकिल, ०२ अवैध तमंचा व ०२ जिन्दा कारतूस बरामद किया किए गए। गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं जिनके विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों पर पूर्व से चोरी, लूट, अवैध शस्त्र, गोकशी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के करीब ०१ दर्जन मुकदमें पंजींत है। उक्त गिरफ्तारी व बराममदगी करने वाली पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा ५०००६– रुपये का पुरस्कार दिया गया है। कार्यवाही में निघासन कोतवाली पुलिस टीम के प्रभारी निरीक्षक डीके सिंह तथा उप निरीक्षक धर्मदास सिद्धार्थ लाल बहादुर और राहुल सिंह हेड कांस्टेबल जयप्रकाश यादव तथा कांस्टेबल मृत्युंजय सुरेंद्र सिंह विशाल गौड़ अजय कुमार कैलाश कुमार के इस साहसिक व सराहनीय कार्य से प्रभावित होकर पुरस्ंत करने की भी घोषणा की गई।

# भ्रष्ट कोटेदार के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

के० के० शुक्ला

लखीमपुर खीरी। धौरहरा क्षेत्र के डिहुआ कलां गांव के भ्रष्ट कोटेदार श्यामकिशोर के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों ने कोटेदार श्यामकिशोर द्वारा की जा रही धांधली व घटतौली को लेकर अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजा है। जानकारी के अनुसार धौरहरा क्षेत्र के डिहुआ कलां गांव का भ्रष्ट कोटेदार श्यामकिशोर अपने गांव के मासूम व गरीब कार्डधारकों के हक के राशन की अधिक कीमत वसूल कर घटतौली कर रहा है। कोटेदार के इस कृत्य से गांव के गरीब कार्डधारक काफी समय से नाराज चल रहे हैं तथा भ्रष्ट कोटेदार श्यामकिशोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। कोटेदार की मनमानी व धांधली से आजिज आकर डिहुआ कलां गांव के लोग एक जुट हो गये है। अब गांव के कार्डधारकों ने भ्रष्ट कोटेदार श्यामकिशोर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। गांव के कार्डधारकों ने कोटेदार के भ्रष्टाचार की कलई खोलते हुए विभाग के




अधिकारियों को लिखित शिकायत पत्र भेजा है। जिसमें गांव के रामानुज, कौशल किशोर, रामपाल, राममूर्ति, विनोद, तीरथराम, पहलवान पाल, रामपाल भार्गव, कल्लूराम भार्गव, रिंकू मिश्रा राजकिशोर व गंगाजली समेत कई कार्डधारकों का आरोप है कि कोटेदार श्यामकिशोर मानक के अनुसार कार्डधारकों को राशन नहीं बांटता है, जब हम राशन लेने जाते हैं तो कल आना कह कर टरका देता है। वही अगर राशन वितरण भी करता है तो उसमें भी जमकर थांधली व घटतौली करता है। डिहुआ कलां गांव के कार्डध ारकों ने मांग की है कि भ्रष्ट कोटेदार श्यामकिशोर के खिलाफ जांच कर सख्त कार्रवाई की जाये। ज्ञात हो कि डिहुआ कलां गांव के भ्रष्ट कोटेदार श्यामकिशोर के खिलाफ पहले से ही कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। जिसको लेकर बीते कई दिनों से भ्रष्ट कोटेदार श्यामकिशोर व धौरहरा पूर्ति निरीक्षक बृजेश मिश्रा अखबारों की सुर्खियां बने हुए हैं। अब देखना यह है कि भ्रष्ट कोटेदार श्यामकिशोर के खिलाफ विभाग के अफसर क्या कार्यवाही करते हैं।

# उड़नखटोले से समझ नहीं आएगा बाढ़ पीड़ितों का दर्द: अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने हाल में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के दौरे पर आए प्रदेश के सिंचाई मंत्री डा.महेन्द्र सिंह के हवाई सर्वे पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि बाढ़ से दर्जनों गांव नदियों में विलीन हो रहे हैं। सरकार उड़नखटोले से बाढ़ पीड़ितों का दर्द नहीं समझ सकती। लल्लू सोमवार को वाराणसी के पूर्व सांसद राजेश मिश्रा के साथ मानीराम के पूर्व विधायक हरिद्वार पांडेय से मिलने उनके मानीराम स्थित आवास पर पहुंचे थे। कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी के निर्देश पर पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष ने बेघर हुए पूर्व विधायक को भरोसा दिया कि नये आवास का निर्माण कांग्रेस की जिम्मेदारी है। मीडिया से बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कुशीनगर से लेकर गोरखपुर तक में बंधे जर्जर




है। तीन वर्षों में एक भी बंधे पर प्रदेश सरकार ने एक रुपये खर्च नहीं किया है। कुशीनगर में दर्जनों गांव बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं। पिछले वर्ष बाढ़ मंत्री आई थीं, कुछ नहीं किया। हवाई सर्वे से कुछ नहीं हो सकता। पिछले साल कुशीनगर में ३६ बंधे अतिसंवेदनशील थे, इस बार ७६ बंधे जर्जर है। टोले नदी में विलीन हो रहे हैं। उड़न खटोले से लोगों के दर्द को नहीं समझा जा सकता है। प्रदेश सरकार विफलताओं को छुपाने के लिए हवाई योजनाएं बना रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व विध ाायक के नये मकान का निर्माण २६ जुलाई से शुरू हो सकता है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष ने मलबा आदि हटाने को लेकर पूर्व विधायक को फौरी आर्थिक मदद भी की। पूर्व विधायक हरिद्वार पांडेय का खपरैल मकान १२ जुलाई को बारिश में ढह गया था।

# विकास दुबे की बहू मनु पांडेय पुलिस हिरासत में

लखनऊ। विकास की बहू मनु को चौबेपुर पुलिस ने सोमवार को हिरासत में ले लिया। थाने में देर शाम तक बिकरू कांड को लेकर मनु से पूछताछ चलती रही। चार दिन पहले से ही पुलिस ने उसे घर पर नजरबंद कर दिया था। विकास के घर के सामने उसके मामा प्रेम प्रकाश पांडेय का घर है। बिकरू कांड के बाद से पुलिस ने प्रेमप्रकाश को एनकाउंटर में मार गिराया। इसके बाद उसके बेटे शशिकांत को गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है। जांच के दौरान शशिकांत की पत्नी मनु के फोन से उसकी कई कल रिकर्डिंग मिलने पर वह संदेह के घेरे में आई थी। चार दिन पहले उसे पुलिस ने घर में ही नजरबंद किया था। सोमवार सुबह ७ : ३० बजे चौबेपुर थाने की महिला दरोगा अंजलि ने चार सिपाहियों के साथ उसे हिरासत में लिया। देर शाम तक थाने में उससे पूछताछ चलती रही। उसके साथ ही दो छोटे बच्चे बेटे और बेटी भी है। एसपी ग्रामीण बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मनु को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। कल रिकर्डिंग के मुताबिक मनु को पुलिस पर हमले की पहले से जानकारी थी। इन सभी बिंदुओं पर जांच–पड़ताल और साक्ष्य संकलन किया जा रहा है। जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

# करियर की शुरुआत में काफी संघर्ष किया : गोविंदा



मुंबई। बॉलीवुड के डांसिंग स्टार गोविंदा का कहना है कि करियर के शुरूआत दौर में उन्होंने भी काफी संघर्ष किया। गोविंदा ने अस्सी और नब्बे के दशक में कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया। गोविंदा ने कहा कि अन्य नवोदित कलाकारों की तरह उन्हें भी अपने करियर के शुरूआती दौर में काफी संघर्ष करना पड़ा। फिल्मकारों से मिलने के लिए कई घंटे इंतजार किया है। कई लोगों ने यह भी कहा कि वह इस इंडस्ट्री में अपना करियर नहीं बना पाएंगे। गोविंदा ने कहा, बॉलीवुड में कुछ लोग हैं जो बिजनेस को कंट्रोल करते हैं लेकिन उन्हें इस बात की खुशी है कि अब समय बदल रहा है। मेरी कुछ फिल्में सही तरह से रिलीज नहीं हो पाने के कारण अच्छा प्रदर्शन करने में असफल रहीं, जिनसे उन्हें काफी उम्मीद थी। इस समस्या से बहुत से लोगों को जूझना पड़ता है।

# 40 की हुई ग्रेसी सिंह

मुंबई। बॉलीवुड की जानी–मानी अभिनेत्री ग्रेसी सिंह आज ४० वर्ष की हो गयी। ग्रेसी सिंह का जन्म २० जुलाई १६८० को नई दिल्ली में हुआ था। ग्रेसी के माता–पिता चाहते थे कि वह इंजीनियर बनें लेकिन वह क्लासिकल डांसर बनना चाहती थीं। ग्रेसी को वर्ष १६६७ में टीवी सीरियल 'अमानत' में काम करने का अवसर मिला। इसके बाद ग्रेसी सिंह ने हू तू तू, हम आपके दिल में रहते हैं जैसी कुछ फिल्मों में छोटी भूमिका निभायी। वर्ष २००१ में प्रदर्शित फिल्म 'लगान' ग्रेसी सिंह के करियर की सुपरहिट फिल्म साबित हुयी। फिल्म में ग्रेसी सिंह



ने आमिर खान के अपोजिट काम किय। फिल्म की सफलता के बाद ग्रेसी ने अजय देवगन के साथ 'गंगाजल' और संजय दत्त के साथ 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया। ग्रेसी सिंह ने हिंदी फिल्मों के अलावा तेलुगु, पंजाबी, गुजराती, मलयालम, कन्नड़, मराठी जैसी कई भाषाओं की फिल्मों में काम किया, लेकिन सफलता हासिल नही कर सकी। इसके बाद ग्रेसी ने टीवी सीरियल 'संतोषी मां' शो में मुख्य किरदार निभाया जिसे लोगों ने बेहद पसंद किया। ग्रेसी सिंह इन दिनों बॉलीवुड में सक्रिय नही है।

# मुख्तार के करीबियों का ब्योरा जुटा रही यूपी पुलिस

लखनऊ। बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी के गिरोह पर लखनऊ पुलिस ने शिकंजा कसना



शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में मुख्तार व उसके करीबियों की लखनऊ में स्थित सम्पत्तियों का ब्योरा तैयार कराया जा रहा है। प्रशासन ने बेहद गुपचुप तरीके से हजरतगंज के रामतीर्थ वार्ड, राजाराममोहन राय वार्ड, हुसैनगंज, गोमती नगर समेत कई इलाकों में मुख्तार से जुड़े लोगों की कई सम्पत्तियों को चिह्नित कर ली है। इन सम्पत्तियों पर जो काबिज है, उनके खिलाफ कई जिलों में मुकदमे दर्ज है। इसी कड़ी में डान अबू सलेम के एक बेहद करीबी की हुसैनगंज में सम्पत्ति जल्दी ही सील की जायेगी। मुख्तार से काफी नजदीक रिश्ते रखने वाले शाहिद जाफरी पर पिछले साल ३१ जुलाई को ताबड़तोड़ फायरिंग की गई थी। इसमें से तीन गोलियां लगने से घायल हो गया था। तब पुलिस ने मुख्तार गिरोह के कई लोगों की सूची तैयार करायी थी। इसी सूची से इतर कई और नाम प्रकाश में आये हैं।

## कंगना को साहसी अभिनेत्री मानती है सिमी गरेवाल

मुंबई। बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री सिमी गरेवाल ने कंगना रनौत को साहसी अभिनेत्री बताया है। सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद से ही बॉलीवुड में नेपोटिज्म को लेकर बहस छिड़ गयी है। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत इन दिनों



अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में है। सिमी ने बताया है कि एक शक्तिशाली व्यक्ति ने उनके करियर को नष्ट करने की कोशिश की थी, लेकिन वह चुप रहीं। सिमी गरेवाल ने अपने ट्वीट में लिखा, "मैं कंगना रनौत की सराहना करती हूं जो मुझसे कहीं ज्यादा साहसी हैं। हालांकि सिर्फ मैं ही जानती हूं कि कैसे एक 'शक्तिशाली' व्यक्ति ने मेरे करियर को नष्ट करने की कोशिश की। मैं चुप रही,क्योंकि मैं इतनी बहादुर नहीं हूं, जितनी कंगना हैं।

## लॉकडाउन में हुमा ने जमकर बहाया पसीना

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी लॉकडाउन के दौरान कड़ी मेहनत कर जबर्दस्त फिट हो गयी है। कोरोना के कारण लॉकडाउन में अधिकतर बॉलीवुड स्टार्स ने घर के अंदर ही अपनी फिटनेस के लिए वर्कआउट किया है। हुमा ने भी अपने आप को फिट रखने के लिए जमकर पसीना बहाया। हुमा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह अपने मसल्स दिखा रही है। हुमा कुरैशी ने लिखा, पहले से मजबूत, सेहतमंद, तेज और पतलीएक लड़की को इससे ज्यादा और क्या चाहिए। मैंने अपने पिछले ४० दिन ऐसे ही बिताए हैं।


हमारे अन्य प्रतिनिधि

संजय बाजपेई

सीतापुर

मो.9935160370

प्रियंका त्रिपाठी

नई दिल्ली

विधिक सलाहकार

सुरेश नारायण मिश्र

क्षेत्रीय सम्पादक

सौरभ कुमार, बिहार

मो.09386075289

मो० अरशद

ब्यूरो चीफ

मऊ



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

आर.एन.आई UPHIN/2010/32566



सम्पादक

आरती पाण्डेय

मो.9415087228

9889745884. 9807059191. 9026560178

Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com



सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक